फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

93, संसद भवन,
नई दिल्ली-110001
तारीख:14.12.2022

**कार्यालय ज्ञापन**

विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में नवंबर, 2022 माह का मासिक सार।

मुझे इसके साथ नवंबर, 2022 के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की प्रति भेजने का निदेश हुआ है।

ह./-
(किरण कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
011-23034467

संलग्नक: यथोपरि

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:-

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. भारत के राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. भारत के उप-राष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों के निजी सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**भारत सरकार**
**संसदीय कार्य मंत्रालय**

**विषय: नवंबर, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय का मासिक सार।**

**1. माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:**

- **संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति की बैठक**

संसदीय कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने गुरूवार, 10 नवंबर, 2022 को हुई अपनी बैठक में शीतकालीन सत्र, 2022 को बुलाने के संबंध में इस मंत्रालय के 10 नवंबर, 2022 के नोट संख्या 07/2022 पर विचार किया और अनुमोदित किया कि संसद के दोनों सदनों को शीतकालीन सत्र, 2022 के लिए बुधवार, 07 नवंबर, 2022 से बुलाया जाए तथा सरकारी कार्य की आवश्यकताओं के अधीन रहते हुए गुरूवार, 29 नवंबर, 2022 को सत्र का समापन किया जा सकता है।

शीतकालीन सत्र, 2022 के लिए सरकारी कार्य का आकलन करने और उसे अंतिम रूप देने के लिए माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा 15 नवंबर, 2022 को विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के सचिवों/वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की गई थी।

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

नवंबर, 2022 के दौरान लोक सभा/राज्य सभा की कार्यवाहियों में से कोई नया आश्वासन नहीं निकाला गया क्योंकि इस अवधि के दौरान संसद की कोई बैठक नहीं हुई थी।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यचालन**

नवंबर, 2022 माह के दौरान-

(क) परामर्शदात्री समितियों की 05 बैठकें आयोजित की गईं।
(ख) माह के दौरान सरकार द्वारा परामर्शदात्री समितियों पर 02 संसद सदस्यों का नामांकन किया गया।

उपरोक्त से संबंधित विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में में लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत और राज्य सभा में नियम 180ए-ई के अंतर्गत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों की स्थिति निम्न प्रकार है:

| | **लोक सभा में नियम 377 के अंतर्गत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180ए-ई के अंतर्गत विशेष उल्लेख के अंतर्गत उठाए गए मामले** |
|---|---|---|
| 01.11.2022 को लंबित मामले | 122 | 108 |
| माह के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल लंबित मामले | 122 | 108 |
| माह के दौरान प्राप्त उत्तर | 52 | 31 |
| शेष मामले | **70** | **77** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित करना**

(क) नवंबर, 2022 के दौरान, राष्ट्रीय युवा संसद योजना के पोर्टल पर 105 संस्थाओं ने पंजीकरण कराया। राष्ट्रीय युवा संसद योजना के पोर्टल पर 180 संस्थाओं ने युवा संसद की बैठकों का संचालन करने के पश्चात पूर्णत: या आंशिक रूप से फोटोग्राफ, वीडियो, रिपोर्ट, विद्यार्थियों का विवरण अपलोड किया। युवा संसद की इन बैठकों में 8247 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

(ख) केंद्रीय विद्यालय नं.1, श्रीविजयनगर, विशाखापट्टनम ने 30 नवंबर, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर युवा संसद की एक विशेष बैठक का आयोजन किया।

(ग) जवाहर नवोदय विद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश ने 30 नवंबर, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर युवा संसद की एक विशेष बैठक का आयोजन किया।

(घ) केंद्रीय विद्यालयों के लिए 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 के जोनल स्तरीय मूल्यांकन का आयोजन निम्नलिखित स्थानों पर किया गया:-

(i) केंद्रीय विद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय नगर में 3 और 4 नवंबर, 2022

(ii) केंद्रीय विद्यालय नं.2, कोलाबा, मुंबई में 10 और 11 नवंबर, 2022

(iii) केंद्रीय विद्यालय, पिकेट, सिकंदराबाद में 17 और 18 नवंबर, 2022
(iv) केंद्रीय विद्यालय 3 बीआरडी, चंडीगढ़ में 22 और 23 नवंबर, 2022
(v) केंद्रीय विद्यालय नं.2, भुवनेश्वर में 29 और 30 नवंबर, 2022

- **26 नवंबर, 2022 को संविधान दिवस, 2022 समारोह**

आजादी के अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, संसदीय कार्य मंत्रालय ने भारत के संविधान को अपनाने का स्मरणोत्सव मनाने और हमारे संविधान निर्माताओं के सम्मान में 26 नवंबर, 2022 को संविधान दिवस मनाया। समारोह का देश के कोने-कोने तक प्रचार करने के लिए 26.11.2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन पर विशेष बल दिया गया।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय संविधान दिवस, 2022 के समारोह के लिए नोडल मंत्रालय था। तथापि, इस मंत्रालय ने भी जन भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बड़े हर्षोल्लास के साथ संविधान दिवस को मनाया।

संविधान दिवस, 2022 समारोह की शुरूआत 26 नवंबर, 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे सभी कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना के वाचन के साथ हुई। मंत्रालय ने अपने दो वेब-पोर्टलों को नया रूप देते हुए अद्यतित किया - पहला 22 राजभाषाओं और अंग्रेजी में "संविधान की प्रस्तावना का ऑनलाइन वाचन" (https:/readpreamble.nic.in/) और दूसरा "भारतीय संविधान पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी" (https://constitutionquiz.nic.in)।

पिछले वर्ष प्रतिभागिता करने वाले 6.45 लाख लोगों की तुलना में इस वर्ष पूरे देश से 13 लाख से ज्यादा लोगों ने दोनों पोर्टलों पर प्रतिभागिता की।

- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा)**

नवंबर, 2022 माह के दौरान, नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गईं:-

**1. हरियाणा विधानसभा के अधिकारियों का दौरा**

हरियाणा विधानसभा के 3 अधिकारियों ने 23 से 25 नवंबर, 2022 के दौरान संसदीय सौध, नई दिल्ली में सीपीएमयू नेवा प्रकोष्ठ का दौरा किया। इस दौरान, अधिकारियों को डिजिटल अभिलेखागार और रिपोर्टर्स मॉड्यूल पर प्रशिक्षण प्रदान

किया गया और नेवा प्लेटफार्म के दूसरे मॉड्यूल्स के बारे में उनके प्रश्नों का समाधान किया गया।

2. **कटरा, जम्मू में आयोजित 25वें ई-शासन राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान नेवा, संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदर्शनी**

कटरा, जम्मू में 26-27 नवंबर, 2022 को आयोजित 25वें ई-शासन राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रदर्शनी समारोह में नेवा प्लेटफॉर्म को प्रदर्शित करने के लिए एक स्टॉल स्थापित करने हेतु 2 सदस्यों की एक टीम प्रतिनियुक्त की गई थी। प्रदर्शनी में, स्टॉल पर आने वाले आगंतुकों को उनके प्रश्नों के समाधान के साथ-साथ नेवा परियोजना के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी दी गई। उन्हें नेवा सॉफ्टवेयर और उसके महत्व को सही से समझाने के लिए उचित कदम भी उठाए गए। इसने सुशासन को प्रोत्साहित करने के भाग के रूप में संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा की गई डिजिटल पहलों के बारे में जागरूकता फैलाई।

3. **आभासी प्रशिक्षण कार्यक्रम**

क) केंद्रीय परियोजना निगरानी इकाई, नेवा ने नेवा प्लेटफार्म के संबंध में पेश आ रही समस्याओं को  हल करने और उत्तर प्रदेश विधानसभा के अधिकारियों के सुझावों पर विचार करने के लिए एक ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित की।

ख) बिहार विधान परिषद के अधिकारियों के लिए नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से उत्पन्न होने वाली शंकाओं का समाधान करने के लिए एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्हें डिजिटल अभिलेखागार और रिपोर्टर्स मॉड्यूल का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

3. **नेवा प्लेटफार्म पर अपना सत्र संचालित करने के लिए विभिन्न विधानसभाओं को प्रदान की गई सहायता**

सीपीएमयू, नेवा टीम द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और मेघालय की विधानसभाओं को अपेक्षित सहायता प्रदान की गई ताकि वे बिना किसी कठिनाई के नेवा प्लेटफार्म का उपयोग कर सकें।

2. लंबे समय तक अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रूके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले।

-शून्य-

3. तीन महीने से अधिक समय से लंबित "अभियोजन की मंजूरी" के मामलों की संख्या।

-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

-शून्य-

5. वर्तमान स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)।

गतिविधियां संचालित की जा रही हैं और उनकी निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति।

इस मंत्रालय के अधीन कोई स्वायत्त निकाय नहीं हैं।

7. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल के उपयोग तथा शासन और विकास में अनुप्रयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी।

-लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर की नियुक्तियों की रिक्ति स्थिति।

मंत्रालय में सभी वरिष्ठ स्तर के पद वर्तमान में भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है।

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

**अनुबंध-I**

## नवंबर, 2022 के दौरान आयोजित परामर्शदात्री समितियों की बैठकों की सूची

| क्र.सं. | दिन, तारीख और समय | मंत्रालय | विषय | स्थान / टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बुधवार, 2 नवंबर, 2022 को अपराह्न 2.00 बजे | सामाजिक न्याय और अधिकारिता | नशा मुक्त भारत अभियान | डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, 15 जनपथ, नई दिल्ली |
| 2. | शुक्रवार, 4 नवंबर, 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे | मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी | उद्यमिता के अवसर तथा भेड़ और बकरियों का जेनेटिक अपग्रेडेशन | जैसलमेर, राजस्थान |
| 3. | बुधवार, 9 नवंबर, 2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे | कोयला और खान | कोयला खदान बंदी, सभी के लिए उचित पारगमन का अर्जन | होटल मैरियट, इंदौर, मध्य प्रदेश |
| 4. | मंगलवार, 22 नवंबर, 2022 को अपराह्न 6.00 बजे | वस्त्र | भारत में हैंडलूम्स और हैंडीक्राफ्ट्स का विकास | समिति कक्ष ग, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 5. | बुधवार, 23 नवंबर, 2022 को अपराह्न 6.00 बजे | वाणिज्य और उद्योग | निर्यात निष्पादन | समिति कक्ष ग, संसदीय सौध, नई दिल्ली |

**नवंबर, 2022 के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों पर नामांकित संसद सदस्य:**

| क्र.सं. | सांसदों का नाम | परामर्शदात्री समिति का नाम जिसमें नामांकित किया गया | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. एम. तंबीदुरै, संसद सदस्य (राज्य सभा) | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | 17.11.2022 को नामित |
| 2. | श्री गुलाम अली, संसद सदस्य (राज्य सभा) | गृह मंत्रालय | 17.11.2022 को नामित |